
The Management, Principal, Staff and Students of

**Indira Gandhi National College, Dhanora-Ladwa**

cordially invite you on
the occasion of

# VAN MAHOTSAV





Chief Guest : **Sh. Kanwar Pal**
Hon'ble Minister of Forest, Education
Tourism & Parliamentary Affairs
Government of Haryana

**Date : 24th July, 2020, Friday**

**Time : 9.30 A.M.**

**Venue : College Campus**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Pawan Garg** | **Ved Parkash Singhal** | **Er. Parveen Gupta** | **S. Mandeep Singh** | **Dr. H.P. Sharma** |
| President | Vice-President | Gen. Secretary | Treasurer | Principal |
| 9812000761 | | | | M. 9416252351 |

**Kindly follow the COVID-19 Guidelines. Cover your face with face mask & sanitize your hands.**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**24.07.2020**

**– इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज, धनौरा–लाडवा में वन व शिक्षा मंत्री माननीय श्री कंवरपाल जी आये।**
**– मुख्यातिथि श्री कंवरपाल के करकमलों से वन महोत्सव में वृक्षारोपण किया गया और उनके नेतृत्व में हजारों पेड़ लगाए गए।**
**– मुख्यातिथि ने कॉलेज वन वाटिका का उद्घाटन किया।**
**– पेड़ प्रकृति की धरोहर है, जिसका हमें संरक्षण व संवर्द्धन करना चाहिए – कंवरपाल**
**– वृक्षों का ऋण हम कभी भी उतार नही सकते – कंवरपाल**

लाडवा – आज दिनांक 24.07.2020 को इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज, धनौरा–लाडवा में वन महोत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में माननीय वन व शिक्षा मंत्री श्री कंवरपाल जी आये। मुख्यातिथि के करकमलों से वन महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। मुख्यातिथि के नेतृत्व में कॉलेज प्रबंधकसमिति, कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थियों द्वारा हजारों पेड़ लगाए गए। मुख्यातिथि श्री कंवरपाल द्वारा कॉलेज प्रांगण में वन वाटिका का उद्घाटन भी करवाया गया। कॉलेज प्रांगण में फलदार पेड़ भी लगाए गए।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित और सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर किया गया। मुख्यातिथि द्वारा संस्थापक प्रधान स्व0 श्री ओमप्रकाश गर्ग जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए।

सर्वप्रथम कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा द्वारा माननीय मुख्यातिथि श्री कंवरपाल जी का हार्दिक स्वागत व धन्यवाद किया। प्राचार्य ने कहा कि मुख्यातिथि ने अपने व्यस्ततम समय में से समय निकाल कर इस पुण्य के काम में भाग लिया। प्राचार्य ने पूर्व विधायक लाडवा डॉ. पवन सैनी, जिला अध्यक्ष कुरुक्षेत्र के धर्मवीर मिर्जापूर, डॉ. अमरिन्द्र कौर आई.एफ.एस.जी. रमन आई. एफ.एस., तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक स्वागत एवं धन्यवाद किया।

कॉलेज प्रधान पवन गर्ग ने मुख्यातिथि वन व शिक्षा मंत्री माननीय श्री कंवरपाल जी का हार्दिक स्वागत एवं धन्यवाद करते हुए कहा कि श्री कंवरपाल जी कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाने जाते हैं। धार्मिक कार्यों में इनकी विशेष रूचि है। राजनीति और काजनीति का एक समावेश इनके अन्दर देखने को मिलता है। इनके जीवन पर दृष्टि डाली जाए तो समाजसेवा का जज्बा देखने को मिलता है। श्री कंवरपाल जी भारतीय जनता पार्टी के जिला महासचिव दो बार और राज्य महासचिव तीन बार बने। हरियाणा विधानसभा में दो बार विधायक बने। गर्ग ने कहा कि ऐसी महान् विभूति के आने से कॉलेज गौरव का अनुभव कर रहा है। डॉ. पवन सैनी पूर्व विधायक लाडवा ने कहा कि लाडवा शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति के पथ पर अग्रसर है। हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।

डॉ. अमरिन्द्र कौर ने कॉलेज द्वारा उठाए गए कदम की सराहना करते हुए कहा कि वन लगाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

माननीय शिक्षा व वन मंत्री श्री कंवरपाल ने वक्तव्य में कहा कि देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होता है चाहे वह किसी भी रूप में क्यों न हो। वृक्ष लगाना और उनका संरक्षण करना महत्त्वपूर्ण कर्तव्य है। अकेले सरकार ये काम नही कर सकती इसलिए सभी को साथ मिलकर इस पुण्य के कार्य को करना चाहिए। श्री कंवरपाल ने पवन गर्ग प्रधान द्वारा उठाए गए इस पुनीत कार्य की भूरि-2 प्रशंसा की। वन मंत्री ने कहा कि ऋषि-मुनियों द्वारा भूमंडल की रक्षा के लिए वन लगाए जाते थे। वृक्षों से हमें छाया, फल, लकड़ी और ऑक्सीजन मिलती है, जो हमारे लिए अत्यंत आवश्यक है। सरकार का लक्ष्य पेड़ लगाना और बचाना तथा बच्चों को उत्तम शिक्षा प्रदान करवाना है।

कॉलेज प्रबंधकसमिति के प्रधान पवन गर्ग, उप-प्रधान वेद प्रकाश सिंघल, स. जितेन्द्र सिंह गिल, रविन्द्र बंसल, दिनेश गोयल, गौरव कंसल, नरेन्द्र सिंघल, तथा अन्य सदस्यों द्वारा मुख्यातिथि श्री कंवरपाल जी को पुष्पगुच्छ और स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। संजय गाँधी मैमोरियल पब्लिक स्कूल, लाडवा के प्रबंधकसमिति के सदस्यों और प्राचार्य धर्मेन्द्र खेड़ा द्वारा भी मुख्यातिथि को सम्मानित किया गया।

ग्राम धनौरा के सरपंच बाबू राम और ग्राम पंचायत के सदस्यों ने भी मुख्यातिथि को स्मृतिचिह्न भेंट किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का भी कॉलेज प्रबंधकसमिति द्वारा हार्दिक अभिनंदन किया गया।

मंच का संचालन डॉ. रवीश चौहान ने बखूबी निभाया।

गर्वनमैन्ट स्कूल लाडवा, संजय गाँधी मैमोरियल पब्लिक स्कूल लाडवा और हिन्दू हाई स्कूल लाडवा के 10वीं और 12वीं में मैरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को माननीय शिक्षा मंत्री द्वारा पुरस्कृत करवाया गया।

इस अवसर पर धर्मवीर मिर्जापुर, जी. रमन आई.एफ.एस., डॉ. अमरिन्द्र कौर आई.एफ.एस., विरेन्द्र गिल डी.एफ.ओ., संदीप सैनी डी.एफ.ओ., हरीश कालरा तहसीलदार, अनिल यादव एस.डी.एम. लाडवा, भारत भूषण डी.एस.पी. लाडवा, राजपाल सिंह, डॉ. अंजलि एस.एम.ओ. लाडवा, अरूण आश्री डी.ई.ओ., राजबीर बी.ई.ओ., विपिन शर्मा, हरिओम, पंकज मंगला, बाबू राम सरपंच, प्रीत पाल पूर्व सरपंच, डॉ. अशोक चौधरी, प्रदीप सहगल, विपिन शर्मा, सतप्रकाश शर्मा, शमशेर सिंह, अनिल गुप्ता, विनोद रोहिला, कपिल मनीश गर्ग, विपुल गर्ग, मेघराज सैनी, हरप्रीत सिंह चीमा, दिनेश गोयल, वेद प्रकाश सिंघल, स. जितेन्द्र सिंह गिल, रविन्द्र बंसल, नरेन्द्र सिंघल, गौरव कंसल व रोहित गर्ग, ओमबीर लालर, अमित खुराना, शालू बंसल, एडवोकेट योगराज , अश्वनी, धर्मेन्द्र खेड़ा, सविता सूदन, राजेश सैनी, सतपाल शर्मा, मुकेश शर्मा, राजकुमार इत्यादि उपस्थित रहें। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ व स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा।

प्राचार्य




PLANTED BY
Sh. Kanwar Pal Ji
Hon'ble Minister Of Forest,
Education, Tourism & Parliamentary Affairs
Govt Of Haryana


PLANTED BY
Sh. Kanwar Pal Ji
Hon'ble Minister Of Forest,
Education, Tourism & Parliamentary Affairs
Govt Of Haryana


SANJAY GANDHI MEMORIAL SR. SEC. PUBLIC SCHOOL


वन महोत्सव


वन महोत्सव